सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 213 | इंदौर, सोमवार 16 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

### इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो

## पीएम मोदी करेंगे आज उद्घाटन, 30 से अधिक देशों के 300 से ज्यादा मेहमान करेंगे शिरकत




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में सोमवार को शाम पांच बजे इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी दी। पीएमओ ने एक बयान में बताया कि इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ किया जाएगा।

यह एक्सपो एआई के व्यावहारिक प्रदर्शन का राष्ट्रीय मंच होगा, जहां नीति व्यवहार से मिलेगी, नवाचार व्यापक स्तर पर लागू होगा और प्रौद्योगिकी आम नागरिक तक पहुंचेगी। यह एक्सपो 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरेना में होगा, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाएगा।

### 13 देशों के पवेलियन लगाए जाएंगे

एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के पवेलियन लगाए जाएंगे, जो एआई क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

### 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन

एक्सपो में 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तीन प्रमुख विषयों लोग, ग्रह और उन्नति पर आधारित है। लोग के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं में एआई का उपयोग दिखाया जाएगा। वहीं ग्रह में पर्यावरण और जलवायु से जुड़े समाधान पेश किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्नति में उद्योग, कारोबार और आर्थिक विकास में एआई की भूमिका बताई जाएगी।

● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम व्यापार मेला 2026 का शुभारंभ किया

# सम्राट विक्रमादित्य की अवन्तिका नगरी उत्सवों और व्यापार की राजधानी बन रही है : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाशिवरात्रि के पावन पर पर उज्जैन व्यापार मेला 2026 का दीप प्रज्जवलन और फीता खोलकर शुभारंभ किया। उज्जैन व्यापार मेला के शुभारंभ पर सांसद श्री अनिल फिरोजिया, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा और अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की नगरी अवंतिका विकास के नए कीर्तिमान बना रही है। व्यापार ,व्यवसाय में बाबा श्री महाकाल की नगरी तेजी से प्रगति कर रही है। विक्रम व्यापार मेले का आयोजन तीसरी बार किया जा रहा है। व्यापार मेले से जिले और आस-पास के क्षेत्र में आर्थिक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि विक्रम व्यापार मेला वर्ष 2024 में 23,705 वाहनों की विक्री पर लगभग 122 करोड़ की छूट प्रदान की गई थी, वर्ष 2025 में 36,225 वाहनों की बिक्री पर 187 करोड़ की छूट प्रदान की गई थी। इस वर्ष नगर निगम को अभी तक 4 करोड़ 10 लाख की आय हो गई है। इस वर्ष विक्रम व्यापार मेले में फोर व्हीलर के 139 स्टाल,2 व्हीलर के 36 स्टाल,कार डेकोरेशन ,सांची ,बैंक्स के स्टाल और अन्य उत्पादों के स्टॉल्स भी लगाए गए है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन अब व्यापारिक नगरी के रूप में स्थापित हो रहा है। उज्जैन के व्यापार मेले ने तीसरे साल भी मेले ने विकास और व्यापार के



नए आयाम स्थापित किए हैं । इससे उज्जैन व्यापार मेले से प्रदेश के लोगों को वाहन कर से 50% छूट मिली है और लोगों ने बड़े उत्साह के साथ गाड़ियों को खरीदा है ।इसके साथ ही कपड़े, मनिहारी , मालवी व्यंजन और अन्य सामानों की दुकान भी इस व्यापार वाले में लग रही हैं। जिससे उज्जैन में रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। उज्जैन व्यापार मेला प्रदेश में अपनी एक पहचान बन चुका है। लगातार तीसरे वर्ष भी नगर निगम को इस मेले से करोड़ों की आय हुई है और आने वाले समय में उज्जैन व्यापार की नई राजधानी बनकर उभर रहा है। पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या से बाबा महाकाल का आशीर्वाद उज्जैन के लोगों को मिल रहा है ।आज महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी सुगमता से बाबा महाकाल के दर्शन श्रद्धालुओं को हो रहे हैं यह बाबा महाकाल का आशीर्वाद है कि उज्जैन में विकास की गंगा बह रही है। प्रदेश को भी उज्जैन के विकास मॉडल का एक नया रूप मिला है। उज्जैन धार्मिक सांस्कृतिक नगरी के साथ ही व्यापारिक नगरी के रूप में भी स्थापित हो गया है उज्जैन उन सभी विशेषताओं के साथ देश में भी अपनी पहचान बना रहा है ।सिंहस्थ 2028 को भी हम भव्य रूप में प्रस्तुत करेंगे। इसके लिए उज्जैन वासी समर्पण के साथ हर काम में सहयोग कर रहे हैं । उज्जैन व्यापार मेला वाहनों के कर छूट के साथ ही व्यवस्थित रूप से अन्य उत्पादों को भी विक्रय करने के रूप में स्थापित हो रहा है ।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस मेले के शुभारंभ के साथ ही नगर निगम को 4 करोड़ से अधिक की आय प्राप्त हुई है जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

# भारतीय जीत का जश्न मना इंदौर के राजवाड़ा पर, देशभक्ति के नारे गूंजे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की शानदार जीत का गवाह एक बार फिर इंदौर का हृदय स्थल राजवाड़ा बना। जैसे ही पाकिस्तानी टीम के आखिरी बल्लेबाज़ का विकेट गिरा और जीत भारत के नाम हुई, वैसे ही शहर कुछ देर के लिए आतिशबाजी और पटाखों की गूंज से सराबोर हो गया। लोगों ने घरों की बालकनियों से लेकर सड़कों तक जीत का इजहार किया।**



जीत होते ही क्रिकेट प्रेमी टीवी स्क्रीन छोड़कर अपनी गाड़ियों से राजवाड़ा की ओर रवाना होने लगे। देखते ही देखते राजवाड़ा पर क्रिकेट दीवानों की भीड़ इकट्ठा हो गई। चारों ओर तिरंगे लहराने लगे और भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। युवाओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया, तो कई लोग देशभक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।

भारतीय टीम की जीत का जश्न पटाखे छोड़कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया गया, हालांकि पटाखों से किसी प्रकार की आगजनी की घटना न हो, इसके लिए राजवाड़ा चौक पर फायर ब्रिगेड की टीम भी तैनात रही। पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा ताकि भीड़ नियंत्रित रहे और यातायात व्यवस्था बाधित न हो।

करीब एक घंटे तक राजवाड़ा भारतीय जीत के उल्लास का केंद्र बना रहा। भीड़ में बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल थे। कई परिवार अपने बच्चों के साथ तिरंगा हाथ में लिए जश्न मनाने पहुंचे। कुछ युवा अपनी गाड़ियों की छत और बोनट पर बैठकर नारे लगाते और वीडियो बनाते दिखाई दिए। सोशल मीडिया पर भी जश्न के वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल होते रहे।

कुछ देर बाद चौक पर मौजूद भीड़ को पुलिसकर्मियों ने शांतिपूर्वक अपने-अपने घरों की ओर लौटने की अपील की, जिसके बाद लोग धीरे-धीरे वहां से रवाना होने लगे।गली-मोहल्लों में भी मैच को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भारत-पाकिस्तान मुकाबला देखने के लिए शहर के कई प्रमुख चौराहों और कॉलोनियों में एलईडी स्क्रीन लगाई गई थीं।


दर्शक भारतीय बल्लेबाजों के चौकों-छक्कों पर तालियां बजाते और पाकिस्तानी बल्लेबाजों के विकेट गिरने पर झूम उठते। राजवाड़ा पर भी एक बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी, जहां बड़ी संख्या में लोग मैच का सीधा प्रसारण देख रहे थे।पूरे शहर में देर रात तक जीत का जश्न जारी रहा और इंदौर एक बार फिर देशभक्ति और क्रिकेट प्रेम के रंग में रंगा नजर आया।

# चंदन नगर रिंग रोड 18 मीटर चौड़ी बनेगी

## राज्य शासन ने चौड़ाई घटाकर दी निर्माण की अंतिम मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के पश्चिमी हिस्से को एरोड्रम क्षेत्र से जोड़ने वाली चंदन नगर रिंग रोड अब 18 मीटर चौड़ाई में निर्मित की जाएगी। पूर्व में मास्टर प्लान में इसकी चौड़ाई 30 मीटर प्रस्तावित थी, लेकिन अब संशोधित योजना के तहत इसे 18 मीटर किया गया है। चंदन नगर से कालानी नगर को जोड़ने वाली इस सड़क के निर्माण को राज्य शासन से अंतिम मंजूरी मिल चुकी है।**



गजट नोटिफिकेशन जारी होने के साथ परियोजना की औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं और अब निर्माण कार्य शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह सड़क लंबे समय से प्रस्तावों और बैठकों तक सीमित थी, लेकिन अब इसे अमलीजामा पहनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। सड़क के टेंडर और वर्क ऑर्डर पहले ही जारी किए जा चुके हैं, जिससे निर्माण कार्य शुरू होने में अधिक समय नहीं लगने की संभावना जताई जा रही है। इस परियोजना पर लगभग 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नई सड़क बनने से पश्चिमी इंदौर के निवासियों को सीधा मार्ग उपलब्ध होगा। एयरपोर्ट रोड स्थित कालानी नगर चौराहे से धार रोड के चंदन नगर चौराहे तक यह मार्ग ट्रैफिक दबाव कम करने में सहायक माना जा रहा है। साथ ही यह पश्चिमी रिंग रोड के विकल्प के रूप में भी कार्य करेगा। नंदन नगर और नगीन नगर के पास लगभग 800 मीटर सड़क को भी मास्टर प्लान में शामिल किया गया है, जिससे आसपास के क्षेत्रों को राहत मिलने की उम्मीद है। सड़क निर्माण के मार्ग में करीब 200 से अधिक बाधक निर्माण मौजूद हैं। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इन्हें हटाने की तैयारी पहले से की जा रही है, ताकि निर्माण कार्य समय पर शुरू हो सके और किसी प्रकार की देरी न हो। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शासन से मंजूरी मिलने और दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब परियोजना को जमीन पर उतारने का समय है। उनके अनुसार यह सड़क पश्चिमी क्षेत्र के विकास को गति देगी और आवागमन को सुगम बनाएगी।

# मैनेजर पर कंपनी से 25 लाख गबन का मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर थाना क्षेत्र में एक मैनेजर पर 25 लाख रुपए के गबन का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने मैनेजर पद पर रहते हुए कंपनी के खाते और स्टॉक में हेरफेर कर राशि का गबन किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, सी स्कीम नंबर 78 विजयनगर निवासी अशोक पटेल, जो संघवी फूड्स डिपो के डायरेक्टर हैं। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है और बताया कि उनकी कंपनी की देशभर में कई इकाइयां संचालित हैं और इंदौर में सेल्स ऑफिस सिल्वर हाउस, स्कीम नंबर 74 में स्थित है। रामप्रवेश पुत्र बाचन राजभर, निवासी ड्रीम सिटी तलावली चांदा, वर्ष 2011 से इंदौर सेल्स यूनिट में मैनेजर पद पर कार्यरत था। उसे कंपनी के स्टॉक और सेल्स से जुड़े सभी कार्यों की जिम्मेदारी दी गई थी।

जून 2025 में आरोपी को हेड ऑफिस से अटैच किया गया। इसके बाद नए स्टाफ की नियुक्ति कर स्टॉक और अकाउंट का रिवीजन कराया गया। जांच के दौरान अकाउंटेंट सुरेंद्र पारे ने पाया कि दिल्ली से भेजे गए स्टॉक और इंदौर के रिकॉर्ड में अंतर है। जांच में सामने आया कि कई बार बिना बिल के माल सप्लाई किया गया। स्टॉक और अकाउंट मिलान के दौरान करीब 25 लाख रुपए की गड़बड़ी सामने आई। यह अंतर कंपनी के रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक के बीच पाया गया। कंपनी के अनुसार, आरोपी दिसंबर 2025 में बीमारी का बहाना बनाकर चंद्रपुर, महाराष्ट्र चला गया और अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। इसके बाद कंपनी ने विजयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पात्रता परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कॉलेजों में पीजी एडमिशन के लिए पहली बार होने जा रही पात्रता परीक्षा का पैटर्न और सिस्टम तय हो गया है। परीक्षा दो घंटे चलेगी। इसमें 100 अंकों के 50 ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे, यानी हर प्रश्न 2 अंकों का होगा।**

पात्रता परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। डीएवीवी में पहली बार पात्रता परीक्षा होने जा रही है। इसके लिए यूजी तीसरे वर्ष के छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। एग्जाम कंट्रोलर प्रो. अशेष तिवारी के अनुसार, एमए, एमकॉम और एमएससी के कुल 33 स्पेशलाइजेशन कोर्स में एडमिशन के लिए यह एग्जाम होगी। 20 फरवरी के बाद ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 8 हजार से ज्यादा सीटें हैं एमए के सभी स्पेशलाइजेशन की इंदौर में। 6 हजार सीटें हैं एमकॉम की। 4100 सीटें हैं एमएससी की।

# महू में ड्रग्स की फैक्ट्री पकड़ी

### 44 किलो एमडी और 260 किलो केमिकल जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) ने महू के थवलाय में किराए के मकान में चल रही एमडी ड्रग्स बनाने की लैब का खुलासा किया है। यहां से 44 किलो एमडी ड्रग्स, 260 किलो केमिकल-पाउडर और ड्रग्स बनाने की मशीनें जब्त की हैं।

एक दिन पहले 8 किलो ड्रग्स पकड़ी गई थी। अब तक 52 किलो ड्रग्स मिली है। इसकी कीमत 15.60 करोड़ रु. है।

मंदसौर से जुड़ी कड़ी : सीबीएन ने शुक्रवार रात मंदसौर में यात्री बस से 8 किलो एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को पकड़ा था। पूछताछ में उसने बताया कि ड्रग्स थवलाय गांव में किराए के मकान में बनाई जाती थी। शनिवार को 20 सदस्यीय टीम गांव पहुंचकर घनश्याम यादव के मकान पर दबिश दी। टीम को यहां अत्याधुनिक लैब मिली, जहां मैन्युफैक्चरिंग यूनिट जैसे ड्रग्स तैयार की जा रही थी।

# इंदौर में 17 फरवरी से 'एनीमिया जागरूकता रथ' की शुरुआत

### ●राज्यपाल दिखाएंगे हरी झंडी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश में गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के बीच तेजी से फैल रही एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के खिलाफ समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसी क्रम में "एनीमिया जागरूकता रथ" का शुभारंभ 17 फरवरी को इंदौर में किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा।**

इस अवसर पर इंदौर सांसद शंकर लालवानी, विधायकगण, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। रथ यात्रा का संचालन में डॉ. वैभव चतुर्वेदी, डॉ. कनक चतुर्वेदी, डॉ. अथर्व द्विवेदी, सरोज द्विवेदी, दीपक उपाध्याय एवं विनय पांडेय द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी के अनुसार, मानव शरीर में खून की कमी होने पर थकान, चक्कर आना, कमजोरी, ध्यान में कमी और कार्यक्षमता घटने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। यदि समय रहते इसकी पहचान और उचित पोषण न मिले, तो यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है। यह अभियान सांसद सेवा प्रकल्प इंदौर, आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन एवं एडवांस्ड होम्योपैथिक सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। हर वर्ष फरवरी से मार्च माह तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े छात्र-छात्राएं और स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों को एनीमिया के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार की जानकारी देंगे। अभियान के दौरान लौह तत्वयुक्त आहार जैसे हरी सब्जियां, दालें, गुड़, चना और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि लोग छोटे-छोटे बदलावों से इस बीमारी से बचाव कर सकें। आयोजकों का मानना है कि एनीमिया से लड़ने का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता है। यह रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जनसंवाद, परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएगा। समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई है।

# महाशिवरात्रि पर शिवधाम में सोने-चांदी के पानी से हुआ भगवान महादेव का अभिषेक

**इंदौर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर शहर के प्रमुख शिवालयों में आकर्षक सजावट, विशेष पूजन-अर्चन और रात्रि जागरण होगा। मंदिर परिसरों को फूलों, रंगीन रोशनी और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया है, जिससे पूरा शहर शिवमय वातावरण में रंग गया है। श्री गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर (शिवधाम) में तड़के 4 बजे भस्म आरती हुई। इसके बाद स्वर्ण कलश से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। अन्य मंदिरों में भी अभिषेक, पूजा-अर्चना का दौर चल रहा है।**



मंदिर समितियों द्वारा भस्म आरती, रुद्राभिषेक, शिव विवाह कथा, भजन-कीर्तन और तांडव आरती जैसे आयोजन चल रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि भक्तों को सुगमता से पूजन का लाभ मिल सके। शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर है।

नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन और मंदिर समितियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांति और अनुशासन बनाए रखें, निर्धारित नियमों का पालन करें और पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

शिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर (शिवधाम) में भव्य 8 दिवसीय शिव विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-रोगन, विद्युत सज्जा, केसरिया पताकाओं, भव्य प्रवेश द्वार और मंचों से सजाया गया है। पूरे महोत्सव के दौरान शिवधाम भक्तिरस में डूबा है।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का अलग-अलग आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिर में बैंड-बाजों की गूंज, शहनाई वादन, भजन मंडलों द्वारा संगीतमय आराधना तथा धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला चल रही है। महोत्सव के दौरान सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का पूजन-अर्चन किया जाएगा। 9 फरवरी से निरंतर विशेष श्रृंगार और भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं।

### महोत्सव का समापन

16 फरवरी (सोमवार) को भगवान भोलेनाथ का दूल्हे के रूप में विशेष श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी और शिव विवाह महोत्सव का समापन होगा।

### ● प्राचीन कांटाफोड़ मंदिर में उमड़ी भीड़

इंदौर के अग्रसेन चौराहा स्थित डेढ़ सौ साल पुराने प्राचीन कांटा फोड़ शिव मंदिर में इस बार भी हरियाली नुमा गुफा से शिवजी के दर्शन के लिए रास्ता बनाया गया है। यहां 5 दिनों से शिव पार्वती विवाह उत्सव चल रहा है। आज यहां सुबह से भक्तों का आना-जाना लगा है। सेवादार संदीप गोयल ने बताया कि शाम को भगवान शिव के लिए बहुत श्रृंगार की तैयारी की जा रही है। यहां शिवरात्रि को देर रात तक पूजा अर्चना भजन कीर्तन चलते हैं। यहां भगवान के खूबसूरत सौंदर्य और दिव्य दर्शन के लिए भक्तजन शिवरात्रि पर काफी संख्या में उमड़ते हैं।

## खजराना गणेश मंदिर में महाशिवरात्रि पर कलेक्टर ने किया पूजन-अर्चन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने श्री खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया तथा जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर इंदौर नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, मंदिर के पुजारीगण, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण रहा। पूजन के पश्चात उपस्थित भक्तों को प्रसाद का वितरण भी किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष सजावट की गई थी तथा दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

## पहली मंजिल से मुंह के बल गिरी महिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शनिवार रात 25 वर्षीय महिला पहली मंजिल की बालकनी से नीचे आ गिरी। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। बताया जाता है कि कपड़े सुखाते समय महिला का संतुलन बिगड़ गया था। चंदन नगर टीआई तिलक करोले के मुताबिक, घटना ख्वाजा चौक ग्रीन पार्क कॉलोनी की है। नीचे दुकान पर मौजूद पिता-पुत्र ने शिफा को गिरते हुए देखा तो परिवार को जानकारी दी। टीआई के मुताबिक शिफा के परिवार से पूछताछ हुई, जिसमें पता चला कि उसका संतुलन बिगड़ गया था। पुलिस ने शिफा के बयान भी लिए हैं। शिफा की छह माह पहले ही शादी हुई है। उसका पति मोहम्मद आरिफ अब्बासी गैरेज में काम करता है। मायके जूना रिसाला इलाके में है। महिला को चेहरे और हाथ-पैर में चोटें आई हैं।

# कारखाना कर्मचारी की हत्या में दो पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में 12 फरवरी (बुधवार) को एक कारखाने के कर्मचारी का शव रेलवे पटरी के पास पड़ा हुआ मिला था। उसकी गला रेतकर हत्या की गई थी। पुलिस ने इस मामले में अवैध सबंध, लूट और रंजिश को लेकर जांच की। कई फुटेज देखने के बाद दो हत्यारों की पुलिस ने पहचान कर उन्हें पकड़ा है।**



डीसीपी राजेश व्यास ने भागीरथपुरा में हुई खोजराम नारगे की हत्या के मामले में अलग-अलग टीमें बनाई थी। जिसमें खुलासा करते हुए दो आरोपी भरत पुत्र संजय वर्मा निवासी भागीरथपुरा और उसके आर्यन उर्फ लड्डू उर्फ ओमप्रकाश वर्मा पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक शराब पीने के दौरान उनका विवाद हुआ था। इसके चलते दोनों ने खोजराम की हत्या कर दी। आरोपी हत्या करने के बाद भाग गए थे। पुलिस की टीमें लगातार जानकारी जुटा रही थी। इसके बाद दोनों आरोपियो को हिरासत में लिया गया। डीसीपी राजेश व्यास ने बताया कि भरत ओर आर्यन अपने साथ खोजराम का मोबाइल ओर पर्स लेकर चले गए थे। बाद में उनहोने मोबाइल को तोड़कर फेंक दिया था। पुलिस ने खोजराम का टूटे हुए मोबाइल का कुछ हिस्सा,टूटी हुई सीम,चाकूऔर पर्स जब्त किया है। आर्यन ओर भरत का यह पहला अपराध है।

## मंत्री तुलसीराम सिलावट ने देवगुराडिया गुटकेश्वर महादेव मंदिर मेले का किया शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने देवगुराडिया स्थित प्रसिद्ध गुटकेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री मधु वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री विश्वजीतसिंह सिसौदिया, श्री देवराजसिंह परिहार, श्री रवि दुबे, जिला पंचायत सदस्य श्री रामेश्वर चौहान, श्री रामस्वरूप गेहलोत, श्री विष्णु चौधरी, श्री धनसिंह,



मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंका टैगौर सहित सैकडों धर्मप्रेमी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर देवगुराडिया स्थित प्रसिद्ध गुटकेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पत्नी श्रीमती सुनीता सिलावट एवं पुत्र श्री बंकिम सिलावट सहित पुत्रवधु के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुओं को प्रसादी फलाहारी खिचडी का वितरण भी किया।

### शिक्षा और मेडिकल क्षेत्र में शोक की लहर

## पूर्व कुलपति डॉ. भरत छापरवाल का निधन



**इंदौर।** इंदौर के पूर्व कुलपति, वरिष्ठ शिक्षाविद् और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन डॉ. भरत छापरवाल का रविवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉ. छापरवाल शिक्षा के क्षेत्र से लंबे समय तक जुड़े रहे और अपने कार्यकाल में उन्होंने अकादमिक गुणवत्ता, अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता को विशेष प्राथमिकता दी। डॉ. छापरवाल को एक सरल, सुलझे हुए और दूरदर्शी शिक्षाविद् के रूप में जाना जाता था। उन्होंने विश्वविद्यालयीन शिक्षा को समाज से जोड़ने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण पहल कीं। उनके नेतृत्व में शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिली और शोध, नवाचार तथा मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा मिला। उनके निधन पर शिक्षा जगत से जुड़े कई वरिष्ठ शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों और पूर्व छात्रों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## 10 लाख की सुपारी देकर कराई थी वकील की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी जिले के करैरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना (57) की हत्या 10 लाख रुपए की सुपारी देकर कराई गई थी। पुलिस के मुताबिक 2 लाख रुपए एडवांस दिए गए थे। वारदात के बाद फरार तीनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के दौरान रविवार सुबह चिरली तिराहा पर एक आरोपी से शॉर्ट एनकाउंटर भी हुआ, जिसमें उसके पैर में दो गोलियां लगीं। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि जमीन विवाद और पुरानी चुनावी रंजिश के चलते साजिश रची गई। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि सौदा 10 लाख में तय हुआ था। 2 लाख रुपए एडवांस दिए गए, जबकि बाकी रकम वारदात के बाद देने की बात थी। पुलिस पैसों के लेन-देन और साजिश की पूरी कड़ी खंगाल रही है। रविवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी चिरली तिराहा क्षेत्र में छिपे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो पपेंद्र रावत ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में दो गोलियां लगीं। घायल हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य दो आरोपी मौके से पकड़ लिए गए।

## मध्यप्रदेश में आज न्यायालीन कार्य से अलग रहेंगे अधिवक्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की शनिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ताओं ने निंदा की है। स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने 16 फरवरी को न्यायालयीन कार्य से विरत (पैरवी से अलग रहने) का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखते हुए निवेदन किया है कि लिस्टेड प्रकरणों को अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति में खारिज न किया जाए। साथ ही कोई भी विपरीत आदेश पारित न किए जाएँ। सोमवार को लिस्टेड मामलों को अगले दिनांक को नॉट रीच किया जाए। स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश का कहना है कि लगातार वकीलों के साथ हो रही घटनाओं को लेकर प्रदेश के अधिवक्ता अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह अत्यंत चिंता का विषय है। लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए शासन से एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद अभी तक शासन ने कोई भी प्रयास नहीं किए हैं।

## पुजारी की छाती पर पैर रखा, बके से गर्दन काटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी, एजेंसी।** सीधी जिले के कुसमी क्षेत्र में बका से हमला कर पुजारी की हत्या कर दी गई। मृतक इन्द्रभान द्विवेदी (75) तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी थे। वे रविवार सुबह 8 बजे महाशिवरात्रि की पूजा कर मोपेड से घर लौटे रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने अचानक चलती मोपेड पर अटैक किया, जिससे इन्द्रभान गिर गए। हमला अचानक हुआ। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ नहीं पाए। इसके बाद आरोपी लाला केवट (55) ने पुजारी की छाती पर पैर रखा और बके से गर्दन काट दी। उसने सीने और गले पर 8 वार किए। पुजारी खून से लथपथ होकर तड़प रहे थे। वारदात के फौरन बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने पकड़ लिया। वहीं, तब तक पुजारी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस आरोपी लाला केवट को हिरासत में लेकर थाने लाई। उससे पूछताछ जारी है।

# अद्भुत धाम है नवग्रह शक्तिपीठ : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री, डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की। महाशिवरात्रि के अवसर पर नवग्रह शक्तिपीठ परिसर ओम नमः शिवाय से गूंज उठा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवग्रह मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डबरा में निर्मित यह नवग्रह शक्तिपीठ एक अद्भुत धाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश सरकार की ओर से सभी का अभिनंदन करते हुए महाशिवरात्रि पर्व की उपस्थितजन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डबरा के शक्तिपीठ में उपस्थित होना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्र द्वारा इस नवग्रह शक्तिपीठ का निर्माण कर अद्भुत और प्रेरणादायी संकल्प को साकार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री कुमार विश्वास का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन पर मां सरस्वती की कृपा सदैव बरसती है। वे समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्रीराम द्वारा वनवास प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि इतना समृद्ध राज्य छोड़कर संसाधनों के अभाव में भी दो राजकुमारों द्वारा रामराज्य का स्वप्न देखना साहस, धैर्य और आदर्श का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम द्वारा स्वयंवर के समय विराट रूप के दर्शन करवाए गये जिसके साक्षी दुनिया के अनेक शासक भी थे। निश्चित ही यह प्रसंग युवा शक्ति के समाजहित में उपयोग की दृष्टि से भी अध्ययन और शोध का विषय है। पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डबरा में इस प्रकल्प के पूर्ण होने और संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डबरावासियों की भावना का सम्मान करते हुए सहभागिता की है। डॉ. मिश्र ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य अतिथियों को साफा बांधकर और अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान भी किया। श्री कुमार विश्वास ने कथा वाचन द्वारा अनेक पौराणिक प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# वैलेंटाइन-डे पर गर्लफ्रेंड को छेड़ा तो चाकू मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा जिले में शनिवार रात चाकूबाजी में एक युवक की हत्या हो गई। बताया जा रहा है कि वैलेंटाइन डे मना रहे कपल से भावेश अपने 2 दोस्त मयंक और सचिन के साथ छेड़छाड़ कर रहा था, तभी युवती के दोस्त ने रोका। इतने में युवकों ने चाकू निकालकर अटैक कर दिया। इसी दौरान बीच-बचाव और झूमाझटकी में छेड़छाड़ कर रहे भावेश पाल (19) के सीने में चाकू लग गया, जिससे भावेश की मौत हो गई। वहीं भावेश के दोस्त मयंक को भी चोट आई है। मयंक ने बताया कि युवती के दोस्त हर्ष ने भावेश को चाकू मारा है, जिससे उसकी जान चली गई।

वहीं वारदात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने देर रात मौके का जायजा लिया। पुलिस के मुताबिक वारदात शहर से करीब 8 किलोमीटर दूर रूधि गांव में कृष्णा ढाबा के सामने हुई। टपरी के पास युवक-युवती बैठे हुए थे। वहीं पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया कि कृष्णा ढाबे के सामने मेन हाईवे किनारे एक ईंट-भट्टा है। जहां एक टपरी बनी है। हाईवे किनारे अपने दोस्त हर्ष थापा के साथ बैठी थी। हमें देखकर मयंक, भावेश और सचिन आए। इस दौरान तीनों लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब मेरे दोस्त हर्ष थापा ने बचाने की कोशिश की, तो उन्होंने हर्ष से गाली-गलौज की। उन्होंने हर्ष को पीटा और उसके सिर पर ईंट मार दी। युवती ने बताया कि विवाद के बीच एक युवक ने अचानक चाकू निकाल लिया। झूमा-झटकी के बीच हर्ष के हाथ में चाकू से हमला कर दिया, जिससे हर्ष को गंभीर चोट लगी है। इसी बीच दो युवक भी घायल हो गए। वहीं मृतक भावेश के दोस्त मयंक ने बताया कि युवती के दोस्त हर्ष ने भावेश के सीने पर चाकू मारा है। वह खून से सन गया था। ज्यादा खून बहने से तड़प रहा था। इलाज के दौरान दोस्त ने दम तोड़ दिया। हर्ष ने मुझ पर भी अटैक किया। कमर में चोट लगी है।

## महाशिवरात्रि पर 4 लाख श्रद्धालु ने किए महाकाल के दर्शन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ा। अब तक 4 लाख से अधिक भक्त भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। रविवार का दिन होने से भीड़ में लगातार इजाफा हो रहा है और देर रात तक संख्या और बढ़ने का अनुमान है। शहर के होटल, लॉज और होम-स्टे पहले ही फुल हो चुके हैं। मंदिर के पट रात 2:30 बजे विधिवत खोले गए। मंत्रोच्चार के साथ गर्भगृह में पूजन और जलाभिषेक किया गया। इसके बाद दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक हुआ। भगवान महाकाल को भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर राजा स्वरूप में शृंगार किया गया। ज्योतिर्लिंग को वस्त्र से ढंककर भस्म रमाई गई। तड़के हुई भस्म आरती में पासधारी श्रद्धालुओं के साथ चलित भस्म आरती के दर्शन भी कराए गए। मंदिर समिति के अनुसार श्रद्धालुओं को औसतन 40 मिनट में दर्शन कराए जा रहे हैं। चार पहर की विशेष पूजा के चलते मंदिर के पट 44 घंटे लगातार खुले रहेंगे।

## सरकारी स्कूलों में 5000 शिक्षकों की होगी भर्ती, मार्च से शुरू होगी प्रक्रिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष पांच हजार शिक्षकों के पद भरे जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने तीन हजार प्राथमिक और दो हजार माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती की तैयारी शुरू कर दी है। भर्ती प्रक्रिया मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ESB) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। विभाग द्वारा मंडल को प्रस्ताव भेजा जा रहा है, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। लोक शिक्षण संचालनालय (ईएसबी) की ओर से प्रदेश भर के स्कूलों से प्राप्त मांग के आधार पर यह भर्ती की जा रही है। इस साल मार्च से ही नए शिक्षण सत्र की शुरुआत होगी, जबकि मई में ग्रीष्म अवकाश रहेगा। अवकाश समाप्त होने के बाद 15 जून से स्कूल खुलेंगे। इसके बाद जुलाई व अगस्त से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। फिर शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। बता दें, कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 69 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं। पात्रता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को चयन परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा। चयन परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की मेरिट सूची तैयार की जाएगी और उसी के आधार पर विभिन्न सरकारी स्कूलों में पद स्थापना की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि रिक्त पदों को शीघ्र भरने से स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर होगी।

# कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने 'ग्रीन शिवरात्रि' थीम पर पौधा लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** सीहोर के कुबरेश्वर धाम में कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने 'द्वादश ज्योतिर्लिंग गार्डन' में 'ग्रीन शिवरात्रि' थीम पर पौधा लगाया है। इस गार्डन में 12 विशेष पौधे लगाए हैं। प्रदीप मिश्रा ने कहा है कि पर्यावरण-हितैषी आयोजन आध्यात्मिकता को प्रकृति संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पौधे 12 ज्योतिर्लिंगों का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं।

इन पौधों को धाम से उनकी वास्तविक भौगोलिक दूरी के आधार पर 'स्केल डिस्टेंस' पद्धति से रोपित किया है। इनमें श्री महाकालेश्वर (127 किमी), श्री ओंकारेश्वर (135 किमी), श्री केदारनाथ (864 किमी) और श्री रामेश्वरम (1557 किमी) जैसे प्रमुख ज्योतिर्लिंगों की दूरियों को दर्शाया है। 7 दिवसीय महोत्सव की शुरुआत शनिवार से शुरू हुई जो 20 फरवरी तक चलेगा। इसमें शामिल होने के लिए महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, बिहार समेत देश भर से अब तक 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे चुके हैं।



## संपादकीय

# पश्चिम एशिया में भारत की बढ़ती धमक और इजरायल से गहराते रिश्ते

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत की जमकर तारीफ की है। नेतन्याहू ने इजरायल और भारत के बीच एक जबर्दस्त गठबंधन बताया। उन्होंने भारत की 1.5 अरब की आबादी पर जोर देते हुए कहा कि इजरायल भारत में बहुत पॉपुलर है। यरुशलम में मेजर अमेरिकन ज्यूइश ऑर्गनाइजेशन की कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने भारत के प्रधानमंत्री के अगले सप्ताह होने वाले इजरायल दौरे का जिक्र किया और बड़े लेवल पर बातचीत के बारे में संकेत दिया। इस दौरान उन्होंने भारत की दिल खोलकर तारीफ की। नेतन्याहू ने कहा, 'आप जानते हैं कि अगले सप्ताह यहां कौन आ रहा है- नरेंद्र मोदी। इजरायल और भारत के बीच जबर्दस्त गठबंधन है और हम सभी तरह के सहयोग पर चर्चा करने जा रहे हैं।' नेतन्याहू ने आगे कहा, 'भारत कोई छोटा देश नहीं है। वहां 1.5 अरब लोग रहते हैं। इजरायल वहां बहुत ज्यादा पॉपुलर है, बहुत ज्यादा। क्या आप जानते हैं?' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने इजरायल का दौरा करने वाले हैं। यह दौरा दोनों देशों के बीच रणनीतिक, रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में संबंधों को नया आयाम दे सकता है। अभी इस दौरे की तारीख की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन कि नई दिल्ली में होने वाली AI समिट के बाद पीएम मोदी इजरायल जा सकते हैं। ऐसे संकेत हैं कि पीएम मोदी 27-28 फरवरी को यहूदी देश जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला इजरायल दौरा है। इसके पहले पीएम मोदी 9 साल पहले 2017 में इजरायल गए थे। भारतीय प्रधानमंत्री का 2017 का दौरा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 साल पूरा होने के मौके पर हुआ था। इस दौरे में डिफेंस, साइबर सिक्योरिटी और कृषि के साथ आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर चर्चा हुई थी। पीएम मोदी अब एक बार फिर नेतन्याहू से मिलेंगे, जहां दोनों लंबी बातचीत करेंगे। दोनों नेताओं के बीच गहरी निजी दोस्ती है। मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय सहयोग के साथ ही पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति समेत क्षेत्रीय और ग्लोबल डेवलपमेंट पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। पीएम मोदी और इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने साल की शुरुआत में बातचीत की थी, जो दो महीने में दूसरी बातचीत की। इस दौरान नेतन्याहू ने भारतीय प्रधानमंत्री को गाजा शांति योजना को लागू करने और उसकी प्रगति के बारे में जानकारी दी थी। पीएम मोदी ने इस क्षेत्र में न्यायपूर्ण, टिकाऊ शांति के लिए भारत के लगातार समर्थन को दोहराया था।

Just like article

# मेरे अनुभव मेरा तजुर्बा ,मेरे विचार

(एमआरपी - वित्तीय सलाहकार)




**राजपाल यादव भारतीय फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध हास्य कलाकार हैं। उनके साथ पहले कर्ज़ से जुड़ा एक कानूनी मामला सामने आ चुका है, जिसने यह दिखाया कि वित्तीय प्रबंधन कितना महत्वपूर्ण होता है। ऐसे हालात से सीख लेते हुए, यहाँ चार महत्वपूर्ण सुझाव दिए जा रहे हैं:**

1. वित्तीय योजना और बजट नियंत्रणआय और खर्च का स्पष्ट हिसाब रखना चाहिए! किसी भी बड़े निवेश या प्रोजेक्ट से पहले विशेषज्ञ वित्तीय सलाहकार से परामर्श लेना जरूरी है।
2. कानूनी सलाह अवश्य लें कर्ज़ लेने या किसी प्रोडक्शन/व्यवसाय में निवेश करने से पहले अनुबंध की शर्तों को अच्छे से समझें। एक अनुभवी वकील की मदद भविष्य की कानूनी परेशानियों से बचा सकती है।
3. जोखिम का संतुलित प्रबंधनपूंजी का पूरा हिस्सा एक ही प्रोजेक्ट में न लगाएँ। निवेश को अलग-अलग क्षेत्रों में बाँटने से जोखिम कम होता है।
4. छवि और करियर की सुरक्षासार्वजनिक छवि कलाकार की सबसे बड़ी पूंजी होती है। वित्तीय विवादों से बचने और समय पर दायित्व पूरा करने से करियर और प्रतिष्ठा सुरक्षित रहती है।

आज हम सब जानते हैं कि राजपाल यादव जैसे प्रतिभाशाली कलाकार ने अपने अभिनय से लाखों लोगों को हँसाया है। लेकिन जीवन में हर व्यक्ति के सामने चुनौतियाँ आती हैं, चाहे वह कितना भी सफल क्यों न हो। कर्ज़ से जुड़ी समस्याएँ हमें यह सिखाती हैं कि आर्थिक योजना और सही निर्णय कितना महत्वपूर्ण होता है।

सबसे पहले, हमें अपनी आय और खर्च का संतुलन बनाए रखना चाहिए। बिना सोचे-समझे निवेश या उधार लेना भविष्य में परेशानी का कारण बन सकता है। दूसरा, किसी भी वित्तीय या कानूनी समझौते से पहले विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लेनी चाहिए। तीसरा, जोखिम को समझकर और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए।

एक कलाकार की असली ताकत उसकी प्रतिभा और उसकी प्रतिष्ठा होती है। कठिन समय में धैर्य, समझदारी और सकारात्मक सोच ही हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। हमें विश्वास है कि चुनौतियाँ अस्थायी होती हैं, लेकिन मेहनत और ईमानदारी स्थायी पहचान बनाती है।

New Delhi

# 7 राज्यों में बारिश, 34 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत सहित देश के अलग-अलग राज्यों में ठंड कुछ कम जरूर हुई है, लेकिन मौसम विभाग ने एक बार फिर ऐसा अलर्ट जारी कर दिया है, जिससे सर्दी एक बार फिर से बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज (16 फरवरी) से लेकर 18 फरवरी तक उत्तर भारत के 7 राज्यों में बारिश मुश्किलें बढ़ा सकती है। इस बीच तेज हवाएं चलने के साथ-साथ बिजली गिरने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने 34 जिलों में घने कोहरे को लेकर भी चेतावनी जारी की है।



### अगले 3 दिनों तक कैसा रहेगा मौसम

1. उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख
2. जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 16-17 फरवरी को हो सकती है बारिश
3. उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में 17-18 फरवरी को झमाझम का अलर्ट
4. पंजाब-हरियाणा, उत्तर राजस्थान में 17-18 फरवरी को तेज बारिश
5. पश्चिम उत्तर प्रदेश में 17-18 फरवरी को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश
6. मध्य प्रदेश में 18-19 फरवरी को हल्की बारिश की चेतावनी

**इन 34 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट-** यूपी के आगरा, औरैया, अयोध्या, बदायूं, बागपत, बलिया, बलरामपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, झांसी, जालौन, कानपुर, लखनऊ तो हरियाणा के गुरुग्राम, पानीपत, सोनीपत, झज्जर, हिसार, रोहतक और करनाल जिले में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा पंजाब में अमृतसर, पटियाला, फिरोजपुर, गुरदासपुर, कपूरथला, लुधियाना, मोगा और पठानकोट के साथ ही हिमाचल के कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, मंडी, हमीरपुर, ऊना, सिरमौर और किन्नौर में भी घने कोहरे की संभावना है।

Maharashtra

## टीपू सुल्तान विवाद, बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पथराव, कम से कम 9 घायल



**मुंबई, (एजेंसी)** टीपू सुल्तान की छत्रपति शिवाजी महाराज से तुलना करने वाली कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल की टिप्पणी के विरोध में पुणे में रविवार को विपक्षी दल के कार्यालय के पास भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदर्शन के दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर पथराव किया, जिसमें नौ लोग घायल हो गए।लसंयुक्त पुलिस आयुक्त रंजन कुमार शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि पथराव में तीन कांग्रेस कार्यकर्ता, दो भाजपा कार्यकर्ता, दो पुलिसकर्मी और दो मीडियाकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। शर्मा ने बताया, 'कांग्रेस भवन के पास विरोध-प्रदर्शन हुआ। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। दोनों दलों के कार्यकर्ता दीवारों पर चढ़ गए और एक-दूसरे पर पथराव किया। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं।'एक अधिकारी ने बताया कि बाद में शाम को शिवाजीनगर पुलिस थाने में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वहीं, कांग्रेस की पुणे शहर इकाई के अध्यक्ष अरविंद शिंदे ने कहा कि पार्टी ने भाजपा पदाधिकारियों के खिलाफ पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि महापौर मंजुषा नागपुरे, भाजपा की शहर इकाई के अध्यक्ष धीरज घाटे, दुष्यंत मोहोल और अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

Paschim bangal

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन

## सात अफसर निलंबित, मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम में गड़बड़ी के आरोप

**कोलकाता/नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में लगे सात अधिकारियों को निलंबित किया गया है। चुनाव आयोग ने गंभीर कदाचार के आरोपी इन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। राज्य के मुख्य सचिव को अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। दोषी पाए गए सभी अफसर एसआईआर प्रक्रिया में सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। निलंबित किए गए सभी अधिकारी चुनाव आयोग के सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। बूथ स्तर के अधिकारी और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी आमतौर पर राज्य सरकार के कर्मचारी होते हैं, जिन्हें मतदाता सूची के अद्यतन और चुनाव प्रक्रिया में सहयोग के लिए आयोग में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है। आयोग के आदेश का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को निर्देश दिया गया है कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उनके कैडर नियंत्रक प्राधिकरणों के माध्यम से बिना किसी देरी के अनुशासनात्मक कार्वाई शुरू की जाए।

Maharashtra

## कार चला रहे नाबालिग ने स्कूटी सवार कपल को मारी टक्कर, पति की मौत... पत्नी की हालत गंभीर

**मुंबई, (एजेंसी) मुंबई के विद्याविहार इलाके में बीते दिनों एक तेज रफ़्तार एसयूवी (SUV) ने स्कूटर सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन 9 दिनों बाद पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी का इलाज अभी जारी है. जिस एसयूवी ने टक्कर मारी थी, उसे एक 17 वर्षीय लड़का चला रहा था. कपल घाटकोपर का रहने वाला था.**

मृतक की पहचान धुमिल पटेल के रूप में हुई है. हादसे के बाद से वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे. पुलिस के मुताबिक हादसे में गंभीर रूप से घायल उनकी पत्नी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है. उनके हाथ और पैर की पेल्विक बोन की कई सर्जरी हुई हैं. तिलक नगर पुलिस ने 43 साल के वलजी राजा भूषण के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट



की धारा 184 और 199 के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 125, 125(a), 125(b), और 281 के तहत मामला दर्ज किया है. क्योंकि कार उसका 17 साल का बेटा चला रहा था. एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा कि कानून के नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी. मामले में और धाराएं भी लगाई जाएंगी. यह घटना 5 फरवरी की रात को तानसा पाइपलाइन रोड पर सोमैया कॉलेज के पास हुई.

खेल

कोलंबो में 'सूर्या' का उदय:

# टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 61 रनों से चटाई धूल

- पाक कप्तान की एक गलती कैसे बन गई गेमचेंजर, कोलंबो विजय के बाद कप्तान सूर्या ने बताया सीक्रेट



**नई दिल्ली, (एजेंसी) कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से धूल चटाई. टी20 वर्ल्ड कप के इस मैच से पहले दोनों देशों में तनाव चरम पर था. लेकिन सूर्या ब्रिगेड ने अलग ही अंदाज में खेला और पाक को मात दी. जीत के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साफ कहा कि टीम ने वैसा ही क्रिकेट खेला, जैसा वो खेलते हैं और जैसा खेलना चाहते हैं.**

सूर्यकुमार ने कहा, 'मुझे लगता है यह जीत भारत के लिए खास है. हमने अपनी ब्रांड की क्रिकेट खेली. इस विकेट पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था. उन्होंने माना कि शुरुआत में 0/1 का स्कोर होने के बाद किसी एक बल्लेबाज को जिम्मेदारी लेनी थी और ईशान किशन ने वह जिम्मेदारी शानदार तरीके से निभाई.' बता दें कि टॉस जीतकर पाक ने पहले गेंदबाजी चुनी थी, जो सूर्या की नजर में एक गलत फैसला था. कप्तान के मुताबिक, पहली पारी में बल्लेबाजी करना आसान नहीं था क्योंकि यह अंदाजा लगाना मुश्किल था कि ओस आएगी या नहीं और रोशनी में पिच कैसा व्यवहार करेगी. सूर्यकुमार ने गेंदबाजों की भी तारीफ की और कहा कि सभी ने मिलकर योगदान दिया. उन्होंने यह भी बताया कि टीम अब अहमदाबाद के लिए रवाना होगी और अगले मैचों पर ध्यान देगी. प्लेयर ऑफ द मैच रहे ईशान किशन ने कहा कि शुरुआत में विकेट आसान नहीं था. किशन ने कहा कि आपको अपनी ताकत पर भरोसा रखना होता है. मैं चाहता था कि गेंदबाजों को अपनी साइड ज्यादा दौड़ाऊं. मैंने ऑफ साइड खेल पर काफी मेहनत की है. ईशान ने बताया कि उनके दिमाग में 160-170 रन का लक्ष्य था, जो इस पिच पर अच्छा स्कोर साबित हो सकता था. उन्होंने माना कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला हमेशा खास होता है और इस जीत से टीम का आत्मविश्वास और बढ़ेगा. पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी स्पिन गेंदबाजी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई. उन्होंने कहा कि हमारे स्पिनरों का दिन अच्छा नहीं था. पिछले छह महीनों में उन्होंने अच्छा किया है, लेकिन आज कमी रही. उन्होंने माना कि पावरप्ले में ज्यादा विकेट गंवाना टीम पर भारी पड़ा. आगा के अनुसार पहली पारी में पिच धीमी थी और गेंद रुककर आ रही थी, जबकि दूसरी पारी में बल्लेबाजी कुछ आसान हो गई. बता दें कि इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान के सामने 176 रनों का लक्ष्य रखा था. जिसके जवाब में उतरी पाकिस्तान की टीम केवल 114 रन ही बना सकी.

सिनेमा

## मुंबई मेट्रो हादसे से ऋतिक रोशन को लगा झटका, मांगी जवाबदेही, सिस्टम पर उठाए सवाल



मुंबई के मुलुंड में हुए हादसे ने फिल्म इंडस्ट्री को भी चौंका दिया है. ऋतिक रोशन ने मुंबई में मेट्रो के खंभे का हिस्सा गिरने से हुई मौत पर दुख जताया है. इस हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई और कुछ लोग घायल हुए. रविवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऋतिक ने शोक व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की. उन्होंने इस खबर के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा- यह दिल तोड़ने वाला और दर्दनाक है. मृतक के परिवार के लिए मेरी गहरी संवेदनाएं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना. ऋतिक ने शहर में चल रहे विकास कार्यों पर भी बात की. उन्होंने कहा, "जवाबदेही तय करने के लिए अधिकारियों ने जो तुरंत कार्रवाई की, वह सराहनीय है. लेकिन मुंबई की व्यस्त सड़कों पर चल रहे विकास कार्यों के बीच सुरक्षा जांच और ऐसे हादसों को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए.'' उन्होंने आगे लिखा, "निर्माण मजदूरों और आम लोगों की सुरक्षा सबसे जरूरी है. उम्मीद है कि भविष्य में ऐसे हादसों से बचने के लिए सख्त नियम और प्रोटोकॉल लागू किए जाएंगे." लेखक-गीतकार वरुण ग्रोवर ने भी इस घटना पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने ट्वीट किया, "मुंबई भारत का सबसे भ्रष्ट शहर है, शायद बहुत बड़े अंतर से.

## Highlights

1. India will help define AI's future in a way only a democracy can: Sam Altman
2. Ancient temple vandalised on Mahashivaratri in Karnataka village
3. 2 killed, 3 injured in chemical tank blast in Karnataka's Mandya
4. Five arrested in gambling raid in Malpe; ₹4.9 lakh seized
5. Indian student found dead in US had patent to his name for tech linked to hyperloop
6. Five held in sword attack near PPC Cross in Udupi

# Algorithms to outcomes: India's moment to re-engineer AI for human impact, writes IIT-K director ahead of Delhi summit

**NEW DEIHI, (Agency).** The India AI Impact Summit 2026 arrives at a rare inflection point. Artificial Intelligence (AI) has crossed the threshold from promise to pervasiveness, yet the questions before us are no longer just about what AI can do; but for whom, at what cost, and with what accountability.



By hosting the world's first major global AI summit in the Global South, India is not merely convening a conversation; it is reframing the grammar of AI itself: from scale to significance, from benchmarks to human benefit.

Anchored in the three Sutras—People, Planet, Progress — and operationalised through seven Chakras spanning human capital, inclusion, safe AI, science, sustainability, and economic growth, the summit signals a decisive shift.

This is not an AI showcase driven by computational bravado alone. It is a blueprint for AI as a development instrument, designed to work under real-world constraints of data sparsity, infrastructure asymmetry, linguistic diversity, and affordability.

Why India's AI path matters to the world

India's AI journey is structurally different from that of advanced economies. Our scale is vast, our margins thin, and our diversity unparalleled. These constraints force innovation to be frugal, interpretable, multilingual, and robust.

In effect, India is stress-testing AI under the toughest possible conditions. Solutions that succeed here, across rural healthcare, agriculture, governance, and education, are inherently global, portable to other regions of the Global South and beyond.

The AI Summit's emphasis on translating global principles of responsible AI into practical, interoperable governance frameworks is particularly timely.

Trustworthy AI cannot remain a theoretical construct embedded in policy documents; it must be engineered into algorithms, datasets, validation pipelines, and deployment protocols.

This is where academia has a pivotal role, not as passive commentators, but as system architects of credibility.

# New Delhi's AI moment: Inside India's bid to rewrite the global AI playbook

**NEW DEIHI, (Agency).** At the Bharat Mandapam—the same stage where the G20 shifted the global tectonic plates—India is preparing to host what is being billed as the "Bretton Woods moment" for the silicon age.

Starting tomorrow, the India AI Impact Summit will transform New Delhi into the gravity centre of the technology world. While previous summits in Bletchley Park, Seoul, and Paris focused heavily on the "existential risks" of rogue algorithms, India's pitch is decidedly more pragmatic. In the eyes of the Modi govenrment, AI isn't just a frontier to be fenced in, it is a utility to be deployed—the "electricity" of the 21st century.



For the global investor community, the stakes are binary. As AI begins to bite into the traditional margins of India's $250 billion IT services sector, the summit represents New Delhi's formal pivot from being the world's "back office" to becoming its "AI laboratory".

The attendee list reads like a Who's Who of the generative AI boom: Sundar Pichai (Alphabet Inc.), Sam Altman (OpenAI), Demis Hassabis (DeepMind), and Dario Amodei (Anthropic) are all slated to attend. Their presence — alongside heads of state including France's Emmanuel Macron and Brazil's Lula da Silva — underscores a shift in tech diplomacy: A global AI standard cannot do without India's 900 million internet users and its massive data exhaust.

मोहल्ले में हो रही थी ड्रेनेज लाइन की खुदाई

# धंस गए तीन पुराने मकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुराई मोहल्ला में शनिवार देर रात तीन मकान अचानक धंस गए। गनीमत है कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन जो परिवार इन घरों में रहते हैं, वे बेघर हो गए हैं। रहवासियों का आरोप है कि बस्ती में ड्रेनेज लाइन के लिए लापरवाहीपूर्वक गहरी खुदाई की जा रही थी।**



इस कारण मकान धंसे हैं। मकान वर्षों पुराने थे। जानकारी मिलने के बाद नगर निगम के अफसर और पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे और परिवार के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। रहवासियों ने बताया कि बस्ती में ड्रेनेज लाइन बिछाने के लिए जेसीबी से खुदाई की जा रही है। इस दौरान मकान की नींव को नुकसान पहुंचाया गया।

घरों के बाहर बने ओटले भी तोड़े जा रहे हैं। इस दौरान जेसीबी चालक ने एक मकान के पिलर को भी तोड़ दिया था। इस कारण मकान का एक हिस्सा हल्का सा झुक गया था। मकान के खतरनाक स्थिति में पहुंचने के बाद शाम से मकान मालिक ने सामान निकालना शुरू कर दिया था। रात को मकान धीरे-धीरे धंसने लगा। उस मकान के आसपास दो मकान और हैं। वे भी उसके वजन के कारण धंसने लगे। जानकारी मिलने के बाद मौके पर नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे कांग्रेस नेताओं के साथ पहुंचे और कहा कि तीनों मकानों का धंसना कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि नगर निगम के अफसरों की लापरवाही है। पुरानी बस्ती में तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में खुदाई होनी चाहिए, लेकिन बेतरतीब खुदाई के कारण तीन मध्यमवर्गीय परिवारों के मकान धंस गए। उन्होंने कहा कि नगर निगम को प्रभावित परिवारों को मुआवजा देना चाहिए। आपको बता दें कि इंदौर के तोड़ा क्षेत्र में छह माह पहले एक मकान धंस गया था, जिसमें 9 लोग घायल हुए थे और दो लोगों की मौत हो गई थी। एक महिला का पैर काटना पड़ा था।

# लोडिंग वाहन की छत से गिरकर ड्राइवर की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पलासिया इलाके में लोडिंग वाहन की छत से गिरने से एक ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान साजिद (25) पुत्र शेख जफर, निवासी अकोला (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार को विनोबा नगर में हुई।**

बताया गया कि साजिद कुछ दिन पहले ही पानी सप्लाई का काम करने वाले व्यापारी अंकित के यहां ड्राइवर के रूप में काम पर लगा था। शनिवार को वह लोडिंग वाहन की छत पर काम कर रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। सहकर्मियों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

साथियों ने आरोप लगाया कि शनिवार को एमवाय अस्पताल में कमिश्नर का दौरा होने की वजह से साजिद को समय पर उपचार नहीं मिल सका। उनका कहना है कि जब वे साजिद को अस्पताल लेकर पहुंचे, तब स्टाफ दौरे की व्यवस्था में व्यस्त था और घायल पर ध्यान नहीं दिया गया। काफी देर तक इलाज न मिलने के बाद साजिद ने दम तोड़ दिया। साजिद के परिवार में पत्नी और बहन हैं। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है। वहीं, परिजनों ने साजिद की मौत को लेकर अंकित पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक